औचक निरीक्षण में कलेक्टर को मिली 12 एकड़ में अवैध कॉलोनी

कलेक्टर ने अवैध प्लाटिंग पर लिया बड़ा एक्शन, एफआईआर के दिए निर्देश, संलिप्त कर्मचारियों पर भी होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

रीवा, 23 जुलाई, शहर के अंदर एवं शहर से लगे हुए क्षेत्रों में अवैध तरीके से कई एकड़ में अवैध प्लाटिंग कर कालोनी काटी जा रही है. लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्यवाही नही कर रहे है. लगातार अवैध कालोनी की शिकायत मिलने पर औचक निरीक्षण करने कलेक्टर पहुंचे.

जहा वैधानिक अनुमति के बगैर कालोनी का निर्माण एवं प्लाटिंग की जा रही थी. जिस पर कलेक्टर ने जमकर फटकार लगाते हुए एफआईआर के निर्देश देने के साथ संलिप्त कर्मचारियों पर भी कार्यवाही की गाज गिरने के संकेत दिये है. रीवा जिले में अवैध प्लाटिंग और बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है. कलेक्टर ने शहर से सटे गड़रिया क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान लगभग 10 से 12 एकड़ से अधिक भूमि पर बिना वैधानिक अनुमति से कालोनी का निर्माण और प्लाटिंग करके जमीन की बिक्री करते पाई गई. संबंधित भूमि पर नियमों को दरकिनार कर भूखंडों का निर्माण एवं बिक्री की गई है. इस आवासीय परिसर में सड़क, बिजली और पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं है. कलेक्टर ने अवैध रूप से कालोनी निर्माण पर पटवारी को जमकर फटकार लगाई. कालोनी में बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के प्लॉटों का सीमांकन करने तथा अन्य विकास कार्य किए जा रहे हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने संबंधित कॉलोनाइजरों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिले में अवैध प्लाटिंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी. बिना अनुमति कृषि भूमि का उपयोग बदलकर प्लॉट काटने वाले लोगों के खिलाफ राजस्व एवं नगर प्रशासन के नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी. जिन व्यक्तियों ने अवैध रूप से प्लॉट बेचे हैं उनकी यदि अन्य जमीने हैं तो उनकी कुर्की करके कालोनी में मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे कालोनी वासियों की परेशानी दूर हो. शहर के आसपास की अन्य अवैध कालोनियों पर भी शीघ्र कार्यवाही की जाएगी.

अवैध प्लाटिंग को संरक्षण देने वालों पर भी गिरेगी गाज

कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित एसडीएम हुजूर तथा अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूरे मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करें . अवैध प्लांटिंग में यदि किसी सरकारी अधिकारी और कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करें . अवैध प्लांटिंग को संरक्षण देने या अनदेखी करने वाले किसी भी कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा .

काले बादलों के बीच दिन भर में हुई 6 मिलीमीटर वर्षा

नवभारत न्यूज

रीवा, 23 जुलाई, सूखे की आहट के बीच जिले में गुरूवार को दिन भर काले बादल छाये रहे और सुबह रिमझिम बारिश के बाद शाम को भी बूंदाबांदी हुई.

गौरतलब है कि जिले में अभी तक बहुत कम वर्षा हुई है. किसान धान की रोपाई खेतो में कर रहे है लेकिन उन्हे अपनी फसल को लेकर ड़र बना हुआ है. खरीफ की बोनी इस बार बहुत पीछे रह गई है. समय पर झमाझम बारिश न होने के कारण किसान ज्यादा बानी नही कर पाए.

आषाढ़ का महीना लगभग विदाई की ओर है और अब किसान धान के रोपा को लेकर चिंतित और परेशान है. गुढ़ तहसील में जहां सबसे ज्यादा बारिश हुई है वही अन्य तहसीलों में बहुत कम वर्षा दर्ज की गई है. जिस तरह से बारिश हो रही है उससे नही लगता कि वार्षिक औसत वर्षा के आकड़े को वर्षा छू पाएगी. हालाकि मौसम विभाग ने 24 घंटे के अंदर तेज बारिश की संभावना व्यक्ति की है.

रीवा जिले में एक जून से अब तक 133.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है. जिले में 23 जुलाई को 6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई. जिले में एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 135.3 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 126.7 मिली मीटर, गुढ़ में 300 मिली मीटर, सिरमौर में 134.4 मिली मीटर, त्योंथर में 33 मिली मीटर, सेमरिया में 142 मिली मीटर, मनगवां में 71 मिली मीटर तथा तहसील जवा में 125 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई. गत वर्ष इसी अवधि में 452.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी.

संक्षिप्त

किसान 31 तक करा सकते हैं फसल बीमा

रीवा, फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है . जिले के किसान निर्धारित तिथि तक फसल बीमा का पंजीयन करा सकते हैं . उप संचालक कृषि यूपी बागरी द्वारा बताया गया कि खरीफ मौसम में फसलों का फसल बीमा प्रारंभ है . इस वर्ष मौसम और बारिश का चक्र प्रभावित हो रहा है . इसलिए सभी किसानों को सलाह दी गई है कि अपनी फसल का बीमा अवश्य करवायें . जिससे उन्हें विपरीत मौसमीय प्रभावों से हुई फसल हानि के दृष्टिगत शासन की ओर से मिलने वाला नियमानुसार लाभ मिल सके . उल्लेखनीय है कि वर्तमान में खरीफ मौसम 2026 में अधिसूचित फसलों के लिये कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि तिल के लिये 570 रुपये, मक्का 634 रुपये, धान सिंचित के लिये 886 रुपये व धान असिंचित 632 रुपये, उडद के लिए 598 रूपये, मूंग के लिए 682 रुपये तथा अरहर के लिये 778 रुपये प्रति हेक्टर निर्धारित किया गया है .

नवोदय विद्यालय में वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित

रीवा, जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया . प्रतियोगिता के माध्यम से क्षेत्रीय स्तर पर 48 खिलाड़ियों का चयन किया गया . इस संबंध में प्राचार्य मनीष कुमार तिवारी ने बताया कि नवोदय विद्यालय में बालक एवं बालिका वर्ग में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग, 17 वर्ष से कम आयु वर्ग तथा 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक और बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई . इस वॉलीबाल प्रतियोगिता में रीवा, शहडोल, सिंगरौली, सीधी, पन्ना, अनूपपुर, कटनी, दमोह, उमरिया, डिंडौरी एवं सतना जिले के 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया . प्रतियोगिता के दौरान राज्य वॉलीबाल एकेडमी के सदस्य की अध्यक्षता में चयन समिति ने खिलाड़ियों का प्रदर्शन के आधार पर चयन किया . प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, नेतृत्व क्षमता तथा परस्पर सहयोग की भावना को विकसित करने पर बल दिया गया .

तीसरे और चौथे चरण की काउंसलिंग शुरू

रीवा, संभागीय आईटीआई रीवा में प्रवेश के लिए तीसरे और चौथे चरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है . पात्र आवेदक 25 जुलाई तक प्रवेश के लिए नया पंजीयन कर सकते हैं . साथ ही यदि पूर्व से पंजीयन किया जा चुका है तो त्रुटि में सुधार और च्वाइस फिलिंग दर्ज की जा सकती है . इस संबंध में प्राचार्य सौरभ शुक्ला ने बताया कि प्रवेश के लिए कॉमन रैंक 26 जुलाई को जारी की जाएगी . उम्मीदवारों को त्रुटि सुधार का अंतिम अवसर 27 जुलाई तक दिया जा रहा है . चयनित उम्मीदवारों की तीसरी चयन सूची 31 जुलाई को जारी की जाएगी . इस सूची के विद्यार्थियों को 4 अगस्त तक प्रवेश दिया जाएगा . इसकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अपग्रेडेशन सहित चौथी चयन सूची 8 अगस्त को जारी की जाएगी . प्रवेश प्रक्रिया का चौथा चरण 8 अगस्त से 11 अगस्त तक होगा . प्राचार्य ने बताया कि संस्था में संचालित विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी व्यवसायों में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8वीं अथवा 10वीं उत्तीर्ण रखी गई है, जबकि आवेदकों की न्यूनतम आयु सीमा 14 वर्ष तय की गई है .

सड़क के लिए ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

रीवा, मऊगंज जिले की नईगढ़ी जनपद पंचायत के सामने बुधवार को बहेरा कोठार पंचायत के सिगटी कला गांव के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण न होने को लेकर धरने पर बैठ गए . उप सरपंच श्रवण कुमार शुक्ला के नेतृत्व में एक दर्जन ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपये स्वीकृत हैं, लेकिन सरपंच, सचिव और उपयंत्री की लापरवाही से काम शुरू नहीं हुआ . ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के अभाव में बीमारों और गर्भवती महिलाओं को चारपाई से ले जाना पड़ता है बच्चों को भी स्कूल जाने में दिक्कत हो रही है . प्रदर्शनकारियों ने दोषियों पर विधि अनुसार कार्रवाई और स्वीकृत राशि से तत्काल निर्माण शुरू कराने की मांग की . उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा . कई बार सड़क निर्माण के लिये शिकायत की गई, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नही हो रही है . जिसके कारण आखिर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा .

बस में की गई तोड़फोड़

मऊगंज, बस मे घुस कर मारपीट करने के साथ सरहंगों द्वारा बस में तोड़फोड़ भी की गई . नईगढ़ी में रिपोर्ट नही लिखी गई जिसकी शिकायत अधिकारियों से कर कार्यवाही की मांग की गई है . मामला रामपुर में खड़ी बस क्रमांक सी0जी 19 एफ 0288 का है . बस मालिक हिन्छलाल तिवारी ने बताया कि उसकी बस की परमिट खतम होने के कारण बस रामपुर में नईगढ़ी में बीते 20 दिनों से खड़ी है जिसमें मैं हर रात उसकी सुरक्षा के लिये बस में सोने के लिये जाता हूं . हमेशा की तरह जब गत 21 जुलाई को अपनी बस में था उसी दौरान रात में करीब 10 बजे दीपराज सिंह निवासी रामपुर आया और हमारे साथ गाली गलौज करने लगा . मना करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा और मुझे बस से बाहर उतरने के लिये बोला जब मैं गाड़ी से नहीं उतरा तो वह पत्थर लेकर मेरी बस में हमला कर दिया . जिससे बस के दाहिने साइड का कांच टूट गया और नुकसान हुआ . इस संबंध में जब मैं नईगढ़ी थाने में रिपोर्ट करने गया तो थाना प्रभारी नईगढ़ी द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखी गई .

चोरों ने सेंधमारी कर पार किए जेवरात सहित नगदी

नवभारत न्यूज

रीवा, 23 जुलाई, रीवा जिले के सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर में बीती रात अज्ञात चोरों ने करोड़ों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है.

घटना के बाद आरोपी फरार हो गए हैं वहीं घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है और घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात चोरों की पता तलाश में जुट गई है. मकान में सेंधमारी कर घर में घुसे अज्ञात चोरों ने करोड़ों रुपए के सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी पार कर दिए है. घटना के संबंध में ज्योति सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मकान रिटायर्ड शिक्षक लाल बहादुर सिंह का है जिनके घर में सेंधमारी कर घुसे अज्ञात चोरों ने पांच महिलाओं के जेवरात पार कर दिए हैं. ज्योति सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों ने कई सोने के हार सोने की कई चैन झुमका और अन्य सोने के जेवरात सहित तकरीबन 10 किलो चांदी के जेवरात और ढाई लाख रुपये नगदी पार कर दिए हैं.

घटना के दौरान घर के सभी सदस्य सो रहे थे लेकिन अज्ञात चोरों ने इतनी सफाई से वारदात को अंजाम दिया कि किसी को कानों कान खबर नहीं हुई. सुबह जब घर के लोग जागे तो सामान बिखरा हुआ पड़ा था जबकि पेटी और अटैची घर से तकरीबन 100 मीटर दूर बाईपास मार्ग के किनारे पड़े हुए पाए गए हैं. घटना की सूचना तत्काल सगरा पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और चोरों की पता तलाश शुरू कर दी है.

प्रधान आरक्षक का वीडियो वायरल होते ही एसपी ने किया निलंबित

नवभारत न्यूज

रीवा, 23 जुलाई, मैं रीवा पुलिस लाइन का गुंडा हूं' मेरा नाम मेजर लाठी है' दो पौआ यानी 6 पैक लिया हु, बनालो वीडियो कोई दिक्कत नहीं. यह बात शराब के नशे में एक प्रधान आरक्षक शहर के अमहिया थाने में घुस कर कह रहा है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हुआ है.

एक ओर प्रदेश के मुखिया डाक्टर मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश भर में नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0 चलाया जा रहा है तो वही दूसरी ओर आईजी गौरव राजपूत एसपी डाक्टर गुरकरण सिंह अवैध नशे के कारोबार को नेस्तो नाबूत करने में कड़ी मेहनत कर रहे है, ऐसे में खाखी ही इस अभियान को ठेंगा दिखाती नजर आ रही है. रीवा जिले के अमहिया थाने में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब एक मुंशी कथित रूप से नशे की हालत में थाने पहुंचा. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह लड़खड़ा रहे थे और खुद ही कह रहे थे कि उन्होंने 'आज 2 बोतल शराब पी है. घटना के दौरान उसने व्यवहार से थाने में मौजूद पुलिसकर्मी और अन्य लोग भी असहज नजर आए. पुलिस लाइन में पदस्थ प्रधान आरक्षक अच्छेलाल सिंह काफी देर तक हंगामा करते रहे.

इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. हालांकि वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है. प्रधान आरक्षक अच्छेलाल सिंह को अनुशासनहीन आचरण के मामले में पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच के निर्देश दिये है. जांच में जो भी तथ्य सामने आएगे उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी.

श्रमिकों ने वेतन को लेकर कलेक्टोरेट में किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

रीवा, 23 जुलाई, डालमिया सीमेन्ट और एच. ई. डब्ल्यू कारखाने के श्रमिकों ने पिछली अपनी छः माह की रुकी हुई वेतन भुगतान और कारखाना प्रबंधन द्वारा नियम विरुद्ध पूर्व से काम कर रहे श्रमिकों को हटाये जाने के विरोध में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर कलेक्टर को आठ सूत्रीय मांग पत्र सौपा.

कलेक्टर ने कारखाना प्रबंधन और श्रमिकों के प्रतिनिधियों के बीच चर्चा कर समस्या का तत्काल हल करने हेतु प्रबंधन को निर्देशित किया. मांग पत्र में मांग की गई है कि कारखाने में कई वर्षो से कार्यरत श्रमिकों की सेवा शर्तो में बदलाव न किया जाय, रुका हुआ छ माह का वेतन भुगतान कराया जाय, सुरक्षा मापदण्ड सुनिश्चित किया जाय, यूनियन के पूर्व में निकाले गये प्रतिनिधियों को काम पर वापस लिया जाय, सीमेन्ट रोड में काम करने वाले वेजबोर्ड का समझौता लागू किया जाय, सेवानिवृत्ति के बाद श्रमिकों को मिलने वाली ग्रेज्युटी का लाभ सुनिश्चित किया जाय. इस मौके पर सीटू के जिलाध्यक्ष गिरिजेश सिंह सेंगर, कार्यवाहक अध्यक्ष राकेश सिंह, सीमेन्ट यूनियन के नेता यू.बी.द्विवेदी, अनिल सोनी, राकेश शुक्ला, प्रवीण सिंह, मनोज तिवारी, अयोध्या पाण्डेय, पुष्पेन्द्र सिंह, धानेन्द्र तिवारी, लालविहारी सिंह, हरीलाल सिंह, जे.पी.द्विवेदी मौजूद रहे.

जवा तहसील का घेराव 27 को

रीवा, 23 जुलाई, प्रदेश की भाजपा सरकार के कुशासन में रीवा जिले की तहसीलो का राजस्व अमला पूरी तरह मनमानी पर उतर आया है. सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के तहसील मुख्यालय जवा में लालफीताशाही चरम पर है, जन समस्याओ को लेकर म0प्र0 शासन के पूर्व मंत्री पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी 27 जुलाई को तहसील मुख्यालय जवा का घेराव कर प्रदर्शन किया जायेगा.

साइबर फ्रॉड से बचने के बताए गए तरीके

नवभारत न्यूज

रीवा, 23 जुलाई, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में ए. डी. आर. सेंन्टर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में पैरालीगल वालेंटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम सी.आई.एस एवं साइबर सुरक्षा विषय पर आयोजित हुआ.

जिसमे प्रधान जिला न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के द्वारा दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.

प्रधान न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान ने बताया कि आज के दौर में साईबर अपराधो के माध्यम से ऑनलाईन फ्राड के प्रकरणों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है, जिस कारण समाज में साईवर सुरक्षा के संबंध में विधिक चेतना की आवश्यकता है. सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा समीर कुमार मिश्र ने साईवर फ्राड से बचाव के संबंध में जानकारी प्रदान की. जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने साईबर सुरक्षा में पैरा लीगल वॉलियंटर्स की भूमिका के संबंध में जानकारी दी. जिला अभियोजन अधिकारी एस.पी. पाण्डेय ने सूचना प्रद्योगिकी अधिनियम, 2000 और टी.आई. साईवर सेल के वीरेन्द्र सिंह के द्वारा साइवर फ्राड से बचाव की जानकारी दी गई.

पानी निकासी के लिए तोड़ा गया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

रीवा, 23 जुलाई, गुरुवार को नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग, अतिक्रमण दल एवं निर्माण विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए जोन क्रमांक 1, वार्ड क्रमांक 3 आदिवासी बस्ती में जल भराव की समस्या के निदान को लेकर जल निकासी हेतु रोड किनारे बाड़ा बनाकर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया.

जेसीबी मशीन से कच्ची नाली का निर्माण कराकर जल निकासी की व्यवस्था बनाई गई. इसके अलावा अतिक्रमण टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई करते हुए सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमणमुक्त कराया गया. इस दौरान इको पार्क के सामने टीन शेड एवं तिरपाल लगाकर लोगों द्वारा सड़क पटरी पर अतिक्रमण किया जा रहा था, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रहा था. इस पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. साथ ही संबंधित व्यक्तियों को समझाइश दी गई कि पुनः किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाए जाने पर नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. इसके अतिरिक्त गंगानगर मोहल्ले से लेकर जिला पंचायत के मुख्य द्वार तक रोड पटरी पर अतिक्रमण किया जा रहा था, जिसे नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए रोड पटरी को अतिक्रमणमुक्त कराया तथा यातायात सुचारु कराया. इसी प्रकार साईं मंदिर के पास, सब्जी मंडी रोड एवं अस्पताल चौराहे से लेकर अमहिया रोड तक अतिक्रमण हटाया गया.

निरीक्षण करने पहुंचे सीईओ को विद्यालय में मिली गंदगी

नवभारत न्यूज

रीवा, 23 जुलाई, सीईओ जिला पंचायत रीवा मेहताब सिंह गुर्जर ने विकासखण्ड रीवा की शासकीय हाई स्कूल एवं माध्यमिक शाला बहुरीबांध का औचक निरीक्षण किया.

सीईओ ने निरीक्षण के दौरान स्कूल में तथा स्कूल के शौचालय में साफ़ सफाई का अभाव पाया. उन्होंने तत्काल वॉश ऑन व्हील एप के माध्यम से शौचालय की साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश दिए. सीईओ द्वारा विद्यालय में उपस्थित छात्रों से संवाद किया और किताब पढ़वाई, साथ ही उपस्थिति पंजी की भी जांच की. सीईओ ने माध्यमिक शाला बहुरीबांध में निर्धारित समय से पूर्व बच्चों को शाला से छोड़ने के कारण संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए. सीईओ ने विद्यालयों में साफ-सफाई का अभाव पाये जाने पर संबंधित प्राचार्य, प्राधानाध्यापक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी व जन शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये.

नशीली कफ सिरप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 23 जुलाई, जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मऊगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है.

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 85 शीशी प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं. मामले में दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है. पुलिस के अनुसार हाईवे पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक बरया कला स्थित दुबे चौराहा रोड पर अपने घर के सामने नीले रंग के बैग में रखी नशीली कफ सिरप ग्राहकों को बेच रहे हैं. सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की. पुलिस को देखते ही दोनों युवक भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया गया. पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान रोशन गुप्ता 23 वर्ष निवासी सुंदर पूर्वा वार्ड क्रमांक-8, थाना मऊगंज तथा शिवेन्द्र त्रिपाठी उर्फ शिब्बू 21 वर्ष निवासी बरया कला, थाना मऊगंज के रूप में बताई. तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 85 शीशी कफ सिरप पकड़ी गई है. जिसकी कीमत 17,127.50 रुपये है. मामले में संजय उर्फ आनंद उर्फ दीपक पटेल 20 वर्ष निवासी घुमा थाना गढ़ सहित दो फरार आरोपियों की तलाश जारी है.

कार्यशाला में दी गई जानकारी

रीवा, 23 जुलाई, कृषि महाविद्यालय रीवा में लड़कियों के लिए यौन उत्पीड़न के बारे में एक दिन का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. डीन डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने लड़कियों को बचाव के व्यावहारिक तरीकों और गलत व्यवहार के खिलाफ आवाज़ उठाने का आत्मविश्वास देने की ज़रूरत पर जोर दिया. इस दौरान शिक्षकगण मौजूद रहे.